बुधवार 12 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



143 किग्रा गांजा के साथ बक्सर के चालक समेत दो गिरफ्तार 2






## मानसून सत्रः मात्र 16 मिनट चली कार्यवाही, बेअसर रही स्पीकर की चेतावनी

# तेजस्वी के इस्तीफे की मांग पर विधानसभा में हंगामा, भाजपा विधायकों ने कुर्सी पटका

◆ विधायकों के हंगामे के बीच बिना चर्चा के बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक को सरकार ने कराया मंजूर

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र के दौरान तेजस्वी यादव पर चार्जशीट मामले को लेकर बीजेपी नेताओं ने मंगलवार को सत्र के दौरान जमकर हंगामा किया। सुबह में ही बिहार विधानसभा में सदन में हंगामा हुआ। बीजेपी विधायक डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। विधानसभा के अंदर टेबल और कुर्सी को बीजेपी विधायकों ने पटक दिया था। मानसून सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही सिर्फ 16 मिनट ही चली। सुबह 11 बजे से शुरू हुई कार्यवाही 6 मिनट चली, जिसे दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद 2 बजे कार्यवाही शुरू होते ही फिर हंगामा होने लगा। इसके 10 मिनट बाद ही कार्यवाही को बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष के विधायकों के हंगामे के बीच नीतीश सरकार ने बिना चर्चा के बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक पेश करके उसे मंजूर करा लिया।



सदन की कार्यवाही दो बजे से शुरू हुई, लेकिन बीजेपी विधायक लगातार हंगामा करते रहे। तेजस्वी के इस्तीफे की मांग करते रहे। स्पीकर अवध बिहारी चौधरी चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि नियम कानून का उल्लंघन हुआ तो कार्रवाई करेंगे। वहीं, बीजेपी के तमाम विधायकों ने आरोप लगाया कि स्पीकर हमारी नहीं सुन रहे हैं। बीजेपी विधायकों ने वेल में आकर हंगामा किया। रिपोर्टर टेबल खूब थपथपाया। इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। बता दें कि लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें तेजस्वी का नाम आरोपी के तौर पर शामिल है।

### इस्तीफा नहीं हुआ तो सदन नहीं चलने देंगे : विजय सिन्हा

वहीं, इसको लेकर नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन सरकार तानाशाही, हिटलरशाही और भ्रष्टाचारी है। यह हम लोग सदन में बोल रहे थे तो स्पीकर अवध बिहारी चौधरी कह रहे हैं कि असंसदीय भाषा का प्रयोग हो रहा है। स्पीकर पक्षपात कर रहे हैं। नीतीश कुमार चार्जशीटेड डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को बचा रहे हैं। इस्तीफा नहीं हुआ तो सदन नहीं चलने देंगे। हम लोग इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

### भाजपा को जनता के मुद्दे से कोई मतलब नहीं : तेजस्वी :

वहीं भाजपा के हंगामे पर तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा को जनता के मुद्दे से कोई मतलब नहीं है। इनका सिर्फ मकसद हंगामा खड़ा करना और सदन को नहीं चलने देना है। इनके पास कोई मुद्दा ही नहीं है, जिस पर बोले। ये लोग सिर्फ हंगामा ही करते रहते हैं।

## नाराज शिक्षक अभ्यर्थी बोले- सरकार हमारी बात नहीं मानेगी तो ईंट से ईंट बजा देंगे



**केटी न्यूज/पटना**

नई शिक्षक भर्ती नियमावली से नाराज हजारों शिक्षक और शिक्षक अभ्यर्थियों ने मंगलवार को पटना के गर्दनीबाग में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी विधानसभा का घेराव करने पहुंच गए। हालांकि बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के कारण इसमें वे सफल नहीं हो सके। शिक्षकों ने बताया कि हम लोगों की पुरानी मांग है। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दें, लेकिन राज्य सरकार सभी को बीपीएससी से परीक्षा देने की बात कर रही है वह हमें मंजूर नहीं है। नियोजित शिक्षकों के साथ सीटीईटी, बीटीईटी के अभ्यर्थी भी इस आंदोलन में जुड़ रहे। उन्होंने कहा कि हम लोगों की जिस नियमावली के तहत परीक्षा ली गई थी उस पर बहाल किया जाए। हम लोगों के बाद वालों को राज्य सरकार बीपीएससी से बहाली ले इससे कोई दिक्कत नहीं है। डोमिसाइल नीति को लेकर भी हंगामा किया। शिक्षकों ने कहा कि अगर सरकार हमारी बात नहीं मानेगी तो सड़क से लेकर सदन तक ईंट से ईंट बजा देंगे। सरकार को हम लोगों की बात माननी पड़ेगी। हम लोग भी बीपीएससी की परीक्षा नहीं देंगे। हमें राज्यकर्मी का दर्जा सरकार को देना होगा।

बता दें कि 2023 की नई शिक्षक बहाली नियमावली में बीपीएससी से परीक्षा पास करने वाले शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाएगा। इस पर बीजेपी के नेता हरी भूषण ठाकुर बचोल ने कहा कि शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है। शिक्षक को पहले बहाली करते हैं अब उनका अधिकार है वह नहीं दे रहे हैं। वहीं, शिक्षकों के आंदोलन पर आरजेडी विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि शिक्षक लोग आंदोलन कर रहे हैं और आंदोलन सबका अधिकार है। मैं उनके आंदोलन पर कुछ नहीं कहूंगा लेकिन शिक्षकों के हित की बात महागठबंधन ही करेगा। वहीं इस मुद्दे पर बुधवार को वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अभ्यर्थियों से नीतीश कुमार बात करेंगे, जिन मुद्दों पर विचार करने की जरूरत होगी उस पर विचार होगा।

## पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में टीएमसी प्रचंड जीत की ओर

**एजेंसी/कोलकाता**

पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने ग्राम पंचायत की कुल 63,229 सीटों में से 19,059 पर जीत दर्ज की है, जबकि बहुतों में वह आगे चल रही है। मुख्य विपक्षी भाजपा ने अब तक 2,716 सीटें जीती हैं। माकपा को 1024 व कांग्रेस को 542 सीटें मिली हैं, जबकि अन्य की झोली में 592 सीटें आई हैं। वहीं, जिला परिषद की कुल 928 सीटों में से तृणमूल ने अब तक 30 सीटें जीती हैं। अन्य किसी भी पार्टी का खाता नहीं खुल पाया है।



पंचायत समिति की कुल 9,730 सीटों में से तृणमूल ने अब तक 981 सीटें जीती हैं। निर्दलीय ने 10 सीटें जीती हैं। भाजपा, माकपा व कांग्रेस का यहां भी अब तक खाता नहीं खुल पाया है। राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक, मतगणना अगले दो दिन जारी रह सकती है इसलिए समग्र नतीजे आने में वक्त लगेगा। उल्लेखनीय है कि 2018 के पंचायत चुनाव में तृणमूल ने पंचायत की 34 प्रतिशत सीटों पर निर्विरोध चुनाव जीता था और कुल मिलाकर 90 प्रतिशत सीट पर जीत दर्ज की थी।

## समस्तीपुर में हथियारबंद बदमाशों ने व्यवसायी से दो लाख रुपये, स्कूटी और लैपटॉप लूटे

**केटी न्यूज/समस्तीपुर**

बिहार में पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद आपराधिक घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला समस्तीपुर जिले का है। यहां सोमवार की रात हथियारबंद बदमाशों ने एक व्यवसायी से दो लाख रुपये लूट लिए। व्यवसायी से लैपटॉप और स्कूटी भी छीन ली। इस दौरान हवाई फायरिंग भी की और मौके से भाग निकले। पूरी घटना दलसिंहसराय थाने के पीछे वाली गली मारवाड़ी धर्मशाला रोड की है। लूट की सारी वारदात घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।



बताया जाता है कि मारवाड़ी धर्मशाला रोड वार्ड संख्या-12 निवासी रामनाथ केजरीवाल के पुत्र राजेश केजरीवाल उर्फ डब्बू गुदरी रोड स्थित अपनी दुकान (एजेंसी) को बंद कर लगभग 8.45 बजे स्कूटी से अकेले घर लौट रहे थे। घर के गेट से पहले गली में घात लगाए दो बदमाशों ने हथियार के बल पर इस लूट की पूरी घटना को अंजाम दिया। व्यवसायी के हल्ला करने पर बदमाशों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से एक राउंड हवाई फायरिंग की।

**घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर है थानाः** घटनास्थल से महज कुछ ही दूरी पर थाने की बाउंड्री समाप्त होती है। सबसे पॉश इलाके में इस तरह लूट की वारदात होने से लोग पुलिसिया व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं क्योंकि शहर की सुरक्षा के लिए एसपी ने दो टीम हॉक्स की तैनाती कर रखी है जो दिन-रात बाइक से घूमते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद शहर के जनप्रतिनिधि, व्यवसायी सहित मोहल्ले वालों की भीड़ जुट गई। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना के बाद प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष राघवेंद्र मणि त्रिपाठी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को चेक करते हुए बदमाशों की पहचान में जुट गई है।




### उत्तर प्रदेश सरकार ने 18 हजार करोड़ रुपये की लागत से बननेवाली दो परियोजनाओं को दी मंजूरी

# सोनभद्र जिले में लगेंगे 800 मेगावॉट के दो पावरप्लांट

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को सोनभद्र जिले के ओबरा में लगभग 18 हजार करोड़ रुपये की लागत से 800-800 मेगावॉट की दो तापीय परियोजनाओं ओबरा डी को मंजूरी प्रदान की है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने फैसलों की जानकारी दी। शर्मा ने दावा किया कि राज्य में अभी तक इस तरह की परियोजना अस्तित्व में नहीं रही है।

योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सरकार ने प्रदेश में उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मुहैया कराने के लिए गंभीर प्रयास शुरू कर दिए हैं।



इन्हीं प्रयासों के क्रम में मंगलवार को लोकभवन में योगी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में सोनभद्र के ओबरा में लगभग 18 हजार करोड़ की लागत से 800-800 मेगावॉट की दो तापीय परियोजनाओं ओबरा डी को मंजूरी प्रदान की गई।

इन परियोजनाओं को एनटीपीसी के साथ 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी में पूर्ण किया जाएगा। इसमें 30 प्रतिशत की इक्विटी दी जाएगी, जबकि 70 प्रतिशत राशि का प्रबंध वित्तीय संस्थानों से किया जाएगा. खास बात यह होगी कि यह राज्य की पहली अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल इकाई होगी। ऐसा संयंत्र अबतक प्रदेश में नहीं बना है। इस तरह के संयंत्र की प्रौद्योगिकी आधुनिक होती है और इनकी दक्षता काफी ज्यादा होती है तथा कोयले का उपभोग भी काफी कम होता है। इसके चलते लागत में भी कमी आती है।

**एनटीपीसी के साथ हुआ है समझौताः** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री शर्मा ने बताया, वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान हमने एनटीपीसी के साथ ओबरा में एक तापीय संयंत्र लगाने का समझौता किया था। इसी समझौते के तहत प्रदेश सरकार और एनटीपीसी ने संयंत्र शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसे मंत्रिपरिषद से भी अनुमति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यह संयंत्र लगभग 500 एकड़ जमीन पर बनेगा और यदि आगे और भूमि की जरूरत होगी तो उसकी भी व्यवस्था की जाएगी। इसकी पहली इकाई के 50 महीने में और दूसरी के 56 महीने में तैयार होने का लक्ष्य रखा गया है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि तापीय क्षेत्र में हमारी क्षमता सात हजार मेगावॉट है और ये दो संयंत्र इसके लगभग एक-चौथाई के बराबर बनने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 5.50 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी जाती है, जबकि इस परियोजना से सरकार 4.79 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद सकेगी।

## खबरें फटाफट

### 8वीं के छात्र ने फांसी लगा दी जान

**आरा।** जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मसाढ़ गांव में आठवीं के एक छात्र द्वारा खुदकुशी कर ली गयी है। घटना मंगलवार की दोपहर की है। मृतक मसाढ़ गांव निवासी स्व. रिपुसुदन सिंह का 14 वर्षीय पुत्र गोलू सिंह था। बताया जा रहा है कि किशोर की पड़ोस के एक युवक से किसी बात को लेकर बहस हुई थी। उस दौरान पड़ोसी द्वारा उसकी पिटाई कर दी गई थी। उसके बाद वह अपने घर आया और अपने कमरे का दरवाजा बंद कर वेंटीलेटर में फंदा लगा जान दे दी। काफी देर बाद भी उसने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। तब परिजनों द्वारा दरवाजा खटखटाया गया। उसके बाद भी उसने दरवाजा नहीं खोला। उसके बाद परिजनों ने खिड़की से देखा, तो वो वेंटिलेटर से लटका हुआ था। उसके बाद परिजनों ने दरवाजा को तोड़ उसे वेंटिलेटर से नीचे उतारा। आनन-फानन में आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव स्थित छठिया घाट के समीप मंगलवार की सुबह करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक वेल्डिंग मिस्त्री की मौत हो गयी। इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृत वेल्डिंग मिस्त्री दुलारपुर गांव निवासी मोतीलाल शर्मा का बेटा सतीश कुमार था। उसकी दुलारपुर बाजार में वेल्डिंग करने की दुकान थी। मृतक के परिजन शैलेंद्र कुमार ने बताया कि मोतीलाल रोज की तरह गांव से दुलारपुर बाजार स्थित वेल्डिंग दुकान पर जा रहा था। छठिया घाट के समीप टूट कर रास्ते पर गिरे करंट प्रवाहित बिजली के तार की चपेट में आ गया। जिसमें बुरी तरह झुलस गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया।

### आरा में रमना मैदान के दक्षिण सड़क पर मनचलों ने वारदात को दिया अंजाम

# बाइक सवार बदमाशों के ताबड़तोड़ फायरिंग करने से मची अफरा-तफरी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नवादा थाना क्षेत्र के रमना मैदान के दक्षिण ओर स्थित एक होटल के समीप बाइक सवार अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की गई। घटना में लगभग आधा दर्जन राउंड फायरिंग की बात कही जा रही है। जिसमें सड़क किनारे खड़ी एक कार गोली लगने से क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि घटना में किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाशों की संख्या तीन थी। वहीं, पुलिस मामले में दो राउंड गोली चलने की बात कह रही है। इधर, सरेराह फायरिंग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम पहुंची। एएसपी चंद्रप्रकाश और नवादा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

छानबीन के दौरान मौके से एक खोखा, गोली का एक पिलेट और एक बाइक बरामद की गयी। साथ ही, डायल 112 की पुलिस की तत्परता के कारण भाग रहे एक युवक को भी हिरासत में लिया गया। वहीं, गोली लगी कार भी जब्त की गयी है। जब्त कार से आधा बोतल शराब भी बरामद हुई है। हिरासत में लिया गया युवक नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग निवासी बताया जा रहा है। घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।



■ मौके से खोखा, पिलेट, कार व बाइक जब्त; हिरासत में लिया गया एक

**पकड़े गए युवक से की जा रही है पूछताछ :** एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि दो-तीन लड़के किसी बात को लेकर आपस में लड़ रहे थे। उसी दौरान एक दो राउंड फायरिंग की गयी है। सूचना मिलने पर तत्काल पहुंची पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही है। एक युवक को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ कर घटना के कारणों की जानकारी ली जा रही है। छानबीन में जुटी पुलिस फायरिंग करने वालों की पहचान और धरपकड़ के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।? कार और बाइक की भी जांच की जा रही है। दोनों की घटना में संलिप्तता की भी छानबीन की जा रही है। कार से शराब मिलने की भी जांच की जा रही है। उस मामले में अलग से प्राथमिकी की जा रही है।

**ताबड़तोड़ की फायरिंग और भाग निकले :** बताया जा रहा है कि मंगलवार शाम करीब चाय बजे बाइक पर सवार कुछ बदमाश पहुंचे और उतरते ही फायरिंग शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों की मानें तो पांच से छह राउंड फायरिंग की गयी है। उस दौरानफायरिंग करने वालों द्वारा कुछ लड़कों के साथ मारपीट भी करने की बात कही जा रही है। उसके बाद सभी बदमाश भाग निकले। इधर, हिरासत में लिए युवक का कहना है कि उसका इस घटना से कोई संबंध नहीं है। बताया कि बाइक सवार तीन लड़के ताबड़तोड़ गोली चला रहे थे। उसके बाद तीनों लड़के बाइक से उतरे और वहां पर खड़े तीन लड़कों के साथ मारपीट करने लगे। उसके बाद लोग दौड़ कर भागने लगे। वह भी भाग रहा था। तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

### सूचना मिलने पर पहुंची 112 की टीम

एएसपी चंद्र प्रकाश ने बताया कि अभी छानबीन की जा रही है। जांच में पता चला है कि कुछ लड़के उपद्रव करने आये थे। उनके द्वारा ही फायरिंग की गई है। सूचना मिलने पर 112 की टीम पहुंच गई थी। पुलिस द्वारा उनमें से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया है। एक कार बरामद की गई है। अभी यह क्लियर नहीं हो पा रहा है कि कार का इस क्रिमिनल मामले में इंवॉल्वमेंट है या नहीं। घटनास्थल से खोखा और एक पिलेट बरामद हुआ है। एक राउंड फायरिंग की सूचना है। हालांकि लोगों द्वारा फायरिंग की संख्या ज्यादा बताई गई है। जिस कार पर गोली लगी है, उसमें शराब की बोतल बरामद हुई है।

## डिवाइडर से टकरायी बाइक इलाज कराने आई महिला की मौत



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नवादा थाना क्षेत्र के प्राइवेट बस स्टैंड स्थित न्यू ओवरब्रिज पर मंगलवार की शाम एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। उसमें बाइक पर सवार एक महिला की मौत हो गयी। हादसे में महिला के दामाद और बेटी और दामाद जख्मी हो गए। उनमें दामाद की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। वहीं बेटी का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत महिला संदेश थाना क्षेत्र के बसौरी गांव निवासी राजन तिवारी की 50 वर्षीया पत्नी धर्मशीला देवी थी। घायलों में उनकी 19 वर्षीय पुत्री सोनम कुमारी और नगर थाना क्षेत्र के रामगढ़िया निवासी उनके दामाद सूरज पांडेय शामिल हैं।

हादसे को लेकर ओवरब्रिज पर देर तक अफरातफरी मची रही। महिला के भतीजा गोविंद तिवारी ने बताया कि उनकी चाची अपनी छोटी बेटी सोनम कुमारी और दामाद सूरज पांडेय के साथ कान का इलाज कराने आरा स्थित प्राइवेट अस्पताल में गयी थी। इलाज कराने के बाद तीनों बाइक से अपने गांव बसौरी लौट रहे थे। उसी दौरान प्राइवेट बस स्टैंड के समीप स्थित न्यू ओवरब्रिज पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। उसमें उनकी चाची की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। चचेरी बहन सोनम कुमारी और जीजा सूरज पांडेय गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद 112 नंबर पुलिस वाहन और ट्रैफिक पुलिस द्वारा तीनों को सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उनकी चाची को मृत घोषित कर दिया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद उनके जीजा की हालत को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। उनकी बहन का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

## कुख्यात जैकी सहयोगी के साथ गिरफ्तार

**सासाराम।** पुलिस ने कुख्यात अपराधी जैक सिंह उर्फ जैकी को उसके साथी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। एसपी विनीत कुमार ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया कि जिले के टॉप टेन अपराधियों में शुमार जैकी को उसके साथी के साथ पकड़ा गया है। बताया कि सितंबर 2021 को नासरीगंज थाना क्षेत्र के एक निमार्णाधीन पेट्रोल पंप के कुछ अपराधकर्मियों को हथियार के साथ पकड़ा गया था। मौके से कुछ कुख्यात फरार हो गए थे। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर फरार अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था। विशेष टीम द्वारा छापेमारी की जा रही थी। इस क्रम में विशेष टीम को जानकारी मिली कि कुख्यात जैकी अपने एक साथी के साथ बनारस से सासाराम आ रहा है। इसके बाद पुलिस टीम शिवसागर टॉल प्लाजा के पासा छापेमारी कर जैक सिंह उर्फ जैकी को गिरफ्तार कर लिया। जैकी नासरीगंज थाना क्षेत्र के पोखरहा गांव के नंद किशोर सिंह का बेटा बताया जाता है। जैकी के साथ उसके साथी विशाल यादव को भी गिरफ्तार किया गया है। विशाल यादव नासरीगंज थाना क्षेत्र के बडीहा गांव कृष्णा सिंह का बेटा बताया जाता है।

एसपी ने बताया कि जैकी सिंह को पुलिस ने नासरीगंज थाना कांड संख्या 201/10 एवं 97/2017 के दरिहट थाना कांड संख्या 21/11 में तलाश थी। जबकि विशाल यादव को नासरीगंज थाना कांड संख्या 73/18, 249/18 एवं एससी-एसटी

# दो करोड़ के गांजा संग बक्सर के चालक समेत दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/अरवल**

जिला पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने 143 किग्रा गांजा के साथ तीन लोग पकड़े गए। जिसमें बक्सर के युवक के साथ चालक और एक नाबालिग खलासी भी पकड़ा गया। मामले की जानकारी एसपी मो. कासिम ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दी।

एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एनएच 139 पर पिकअप वैन से भारी मात्रा में गांजा लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर डीएसपी राजीव रंजन के नेतृत्व में कलेर थानाध्यक्ष और पुलिस बल के साथ एक टीम को घेराबंदी के लिए भेजा गया। टीम ने पहाड़पुर मोड़ के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के क्रम में जैसा बताया गया था वैसा ही एक सफेद रंग का पिकअप वैन औरंगाबाद की ओर से आता दिखाई पड़ा। जिसे मौके पर मौजूद पुलिस जवानों ने जांच के लिए रोका। जवानों ने पिकअप वैन की तलाशी ली। जिसमें 50 पैकेट गांजा बरामद किया गया। जवानों ने तत्काल पिकअप पर सवार तीनों लोगों को हिरासत में लिया और गांजा लदे वाहन को थाने लेकर आए। जहां उनसे पूछताछ की गई।



एसपी ने बताया कि 50 पैकेट में बरामद किए गए गांजा की मापी ली गई तो कुल 143 किग्रा गांजा की पुष्टि की गई। जिसकी बाजार में कीमत लगभग दो करोड़ से भी अधिक है। वहीं, पूछताछ में मालूम चला कि पकड़े गए लोगों में पिकअप चालक बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना अंतर्गत कांट निवासी विजय कुमार का बेटा जगजीत कुमार है। वहीं, उसका खलासी 16 वर्षीय किशोर है। दोनों डाल्टेनगंज से गंजा लेकर आ रहे थे। जिसे अरवल में पहुंचाना था। हालांकि, पुलिस दोनों के पास से बरादम एंड्रायड फोन के माध्यम से तस्करी में शामिल लोगों की शिनाख्त करने में जुटी हुई है। मामले में एसपी ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से पुलिस जल्द ही गांजे के खेप मंगाने वाले सरगना को गिरफ्तार करेगी। इस मौके पर डीएसपी राजीव रंजन, थानाध्यक्ष संजीत सिंह व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।







## खबरें फटाफट

### मुंगाव से 41 बोतल शराब बरामद, कारोबारी फरार

**डुमरांव।** बीती रात कोरानसराय पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के मुंगाव गांव के अनुसूचित जाति बस्ती में छापेमारी कर 8 पीएम ब्रांड 180 एमएल के 41 पीस शराब बरामद किया हैं। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही कारोबारी भागने में सफल रहा। पुलिस ने उसके पहचान का दावा किया है और बताया है कि उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि उसे जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जमीन विवाद में मां-बेटी की पिटाई, नौ पर केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव में जमीन विवाद को लेकर मां-बेटी की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़िता ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर नौ लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़िता नेनुआ गांव की रहने वाली हरेकृष्ण तिवारी की पत्नी उर्मिला देवी बतायी जाती है। पीड़िता ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मेरे पति ने एक खेत की जमीन खरीदी थी, जिस जमीन पर अगल-बगल के लोगों द्वारा जबरन मिट्टी से आर दिये जाने लगा, जिसका विरोध करने पर मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए नामजदों ने पिटाई कर दी।

### पड़री मुखिया व पंचायत सचिव पर कार्रवाई की अनुशंसा

**सिमरी।** पड़री पंचायत के मुखिया व उप मुखिया की लड़ाई अब आगे बढ़ चुकी है। उपमुखिया द्वारा अनुमंडल लोक शिकायत में परिवाद दायर कर मुखिया तथा पंचायत सचिव द्वारा करवाए 15 वें वित्त तथा षष्टम वित्त से करवाए गए कार्यों की जांच करवाने तथा मुखिया पर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए उनके सरकारी खाते को बंद कर 18 ( 5 ) के तहत कार्रवाई करने जबकि पंचायत सचिव पर प्रपत्र क गठित करने की मांग की गई थी। अनुमंडल लोक शिकायत द्वारा इस मुद्दे पर सिमरी बीडीओ से जांच प्रतिवेदन मांगी गई थी। बीडीओ द्वारा गठित टीम के जांच में हालांकि निर्माण की गुणवत्ता पर संतोष जताया गया है। लेकिन योजनाओं के टाईड मद में 60 प्रतिशत अधिक तथा अनटाईड मद में 40 प्रतिशत अधिक खर्च की बातें सामने आई है। जिसके बाद अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने मुखिया पर कार्रवाई करने के लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी को जबकि पंचायत सचिव पर प्रपत्र क गठित करने के लिए एसडीओ डुमरांव से अनुशंसा की गई है।

## डीएम ने हरी झंडी दिखा सारथी रथ व साईकिल रैली को किया रवाना, बोले-

# परिवार नियोजन में जिले को टॉप पर लाने के लिए सबकी सहभागिता जरूरी

- विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए निकाली गई जागरूकता रैली
- डीएम अंशुल अग्रवाल बोले- देश के लिए बढ़ती आबादी बड़ी चिंता बन गई है

**केटी न्यूज/बक्सर**



आबादी के मामले में भारत दुनिया का नंबर एक देश बन गया है। तेजी से बढ़ रही जनसंख्या के कारण हम अपने बच्चों के पढ़ाई व दवाई जैसे मुलभूत आवश्यकताओं को भी बखूबी पूरा नहीं कर पाते हैं। गरीब व अनुसूचित जाति बस्तियों के परिवारों की संख्या अधिक है। वहां सबसे अधिक जागरूकता फैलाने की जरूरत है। मंगलवार को उक्त बातें डीएम अंशुल अग्रवाल ने नगर भवन में कही। वे विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूकता फैलाने के लिए सारथी रथ व साइकिल रैली को हरी झंडी दिखा रवाना कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के लिए बढ़ती आबादी एक बड़ी चिंता बन गई है। हमें आपसी समन्वय व सहभागिता से लोगों को जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूक करना हैं। उन्होंने लक्ष्य को पाने के लिए समन्वित प्रयास करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आपके प्रयास से बक्सर जिला जनसंख्या नियंत्रण के मामले में न सिर्फ राज्य में बल्कि पूरे देश में नंबर वन आ सकता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण बिहार में परिवार की संख्या बहुत ज्यादा हो जाती है। जिसमें परिवार के सदस्यों को अपने बच्चों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य के साथ ही हर कार्य में समझौता करना पडता है। ऐसे में अनुसूचित जाति व जनजाति टोलों में लोगों को 31 जुलाई तक जागरूक किया जाएगा। उन्हें छोटा परिवार सुखी परिवार के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके बाद उन्होंने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर नगर में जागरूता को लेकर रवाना किया। साइकिल रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ ही एनसीसी के कैडेटों ने भी हिस्सा लिया। पूरे शहर का भ्रमण करने के बाद साइकिल रैली नगर भवन पहुंच संपन्न हो गया। वही डीएम ने नगर भवन से ही जिले में सारथी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो जिले के हर पीएचसी से संचालित होकर प्रखंड क्षेत्र में 31 जुलाई तक लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करेगा। यह सारथी रथ लोगों को परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई उपायों के बारे में जानकारी दे उन्हें इसे अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

**सीएस ने भी किया संबोधित:** जनसंख्या दिवस पर आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम को सीएस डा सुरेश चंद्र सिन्हा ने भी संबोधित किया तथा बताया कि क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से पूरे विश्व के मुकाबले देश का क्षेत्रफल 2.6 प्रतिशत है। जबकि आबादी के दृष्टिकोण से पूरे विश्व के आबादी का 17 प्रतिशत आबादी देश का है। उन्होंने परिवार नियोजन के अपायों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर डीपीएम मनीष कुमार, डा अरूण सिंह, डीसीएम हिमांशु कुमार, डीपीसी जावेद आवेदी, परिवार नियोजन कोऑर्डिनेटर ममता कुमारी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहे।

## मुखिया का भतीजा शादी का झांसा देकर किशोरी से एक साल से कर रहा था दुष्कर्म, गर्भवती होने पर मुकरा

- पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के वासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की किशोरी के साथ उसी गांव का रहने वाला युवक पिछले 1 साल से घिनौनी हरकत कर रहा था। इस दौरान किशोरी गर्भवती हो गई। जैसे ही उसकी विधवा मां को इस बात की जानकारी हुई तो वह आरोपी के घर शिकायत करने पहुंची। लेकिन चुकी आरोपी मुखिया का भतीजा है और दबंग परिवार का है इसलिए उसकी मां को डरा धमका कर चुप रहने को विवश कर दिया गया। वहीं आरोपी ने पीड़िता तथा किशोरी को शादी करने का झांसा भी दिया। इस झांसे पर महीनों तक चुप रहने के बाद भी पीड़िता जब 8 महीने की गर्भवती हो गई तथा आसपास के लोगों को भी इसकी जानकारी हो गई तो उसकी मां एक बार फिर आरोपी के घर गई। लेकिन इस बार वह शादी से मुकर गया तथा उन्हें धमकी देने लगा। किसी तरह लोगों ने उसे हिम्मत दे थाना पहुंचाया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। जबकि किशोरी को भी हिरासत में ले धारा 164 के तहत बयान दर्ज करवाने की कवायद पुलिस द्वारा किया जा रहा है।

जानकारों का कहना है कि पीड़िता के पिता की वर्षों पहले मौत हो चुकी है। वह काफी गरीब परिवार से है। बताया जा रहा है कि किशोरी की उम्र महज 16-17 वर्ष है तथा गांव के रिश्ते में वह आरोपी की भतीजी लगती हैं। बावजूद उसने रिश्तों को शर्मसार करते हुए यह घिनौनी हरकत किया हैं। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि पीड़िता का धारा 164 के तहत बयान दर्ज करवाने की कवायद की जा रही है।

### समाज को आगे आकर लेना चाहिए निर्णय: रामजी सिंह

बक्सर नगर परिषद के उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह सामाजिक कार्यकर्ता रामजी सिंह ने कहा कि लड़की के बालिग होने के बाद उक्त युवक को उससे शादी कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में गांव तथा समाज को आगे आकर निर्णय लेना चाहिए। जिससे लड़की तथा उसके होने वाले बच्चे का भविष्य सुरक्षित रहे।

**समाज को तोड़ने वाली घृणित मानसिकता की परिचायक है घटना- दीपक:** वहीं भाजयुमो के प्रांतीय कार्य समिति सदस्य दीपक यादव ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह घटना समाज व संस्कृति को तोड़ने वाली है। आरोपी पर स्पीडी ट्रायल चला उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ताकी फिर कोई समाज में किसी बहु बेटी की अस्मत पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं करे।

### घर से निकली किशोरी गायब, मामला दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से घर से निकली किशोरी के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में किशोरी के परिजनों ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया गया है कि किशोरी डुमरांव के एक कॉलेज में पार्ट टू में नामांकन कराने को लेकर घर से निकली थी लेकिन देर शाम तक घर नही पहुंची तो परिजनों की चिंता बढ़ गयी। परिजनों ने किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी. जब किशोरी के कहीं अता-पता नही चला तो इसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाने में दी गयी है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## एक नजर

### जनसंख्या नियंत्रण को ले जनप्रतिनिधियों ने शुरू किया गया जागरुकता अभियान



**नावानगर।** जनसंख्या नियंत्रण को लेकर प्रखंड के स्थानीय गांव के जनप्रतिनिधियों ने एक अच्छी पहल शुरू किया है। इसको लेकर सोमवार की देर शाम गांव में जागरुकता अभियान चलाया। इसके पूर्व जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने मां काली मंदिर से हाथों में तिरंगा लेने के साथ कैंडल जलाकर इसका शुभारंभ किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने नगर भ्रमण कर जनसंख्या नियंत्रण पर हर घर पहुंच जनसंपर्क किया। साथ ही बढती जनसंख्या के नियंत्रण करने पर लोगों से बल दिया। इस जागरुकता अभियान की अध्यक्षता करते हुए नावानगर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने बताया कि सरकार की नीति हम दो हमारे दो को अपनाना होगा। इस सिद्धांत को अपना कर ही जनसंख्या नियंत्रण समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस कदर जनसंख्या की बढ़ोतरी होती है, उससे आने वाले दिनों में हर तरह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान नावानगर के हर गांव में चलाने के बाद जिला एवं राज्य स्तर पर भी चलाया जाएगा। इस अभियान को लेकर नगर भ्रमण में सरपंच प्रतिनिधि मोहन प्रसाद, दशरथ प्रसाद, अमजद हुसैन, अवधेश प्रसाद, सुजित कुमार, गोपाल प्रसाद, विनोद सिंह समेत अन्य थे।

### परिवार नियोजन मेला का हुआ आयोजन

**केसठ।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर केसठ पीएचसी द्वारा परिवार नियोजन मेला का आयोजन किया गया। इस मेला के तहत लोगों को परिवार नियोजन से संबंधित जागरूक किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर विनय कुमार ने किया। मौके पर डॉ धर्मदेव सिंह, स्वास्थ प्रबंधक सुशील कुमार, ब्लॉक एमिनी विनोद कुमार, पप्पू कुमार, बिक्की, एएनएम, आशा फैसिलिटेटर, आशा कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे। कार्यकताओं द्वारा रैली नारा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। महिलाओं से परिवार नियोजन कराने एवं पुरुषों से नसबंदी कराने की अपील की गई। साथ हि परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों में अंतर, कॉपर टी, कंडोम, गर्भनिरोधक दवाओं के इस्तेमाल की जानकारी दी गई।

### वामनेश्वर मंदिर में आज आयोजित होगी विशेष आरती, उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**बक्सर।** बक्सर के वामनेश्वरनाथ मंदिर के पौराणिक व धार्मिक महत्व को जन जन तक पहुंचाने के लिए अब विशेष आरती का आयोजन किया जा रहा हैं। यह विशेष आरती सामाजिक कार्यकर्ता सह अधिवक्ता राघव कुमार पांडेय के नेतृत्व में 13 जुलाई ( गुरुवार ) को आयोजित होगी। इसके बाद प्रत्येक गुरूवार को इस विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उदेश्य लोगों को मंदिर के धार्मिक व पौराणिक महत्व को बता उनमें इस मंदिर के प्रति रूचि पैदा करना तथा देश के कोने कोने में इसकी ख्याति पहुंचाना हैं। अधिवक्ता राघव ने बताया कि उनके द्वारा भगवान वामन मन्दिर में आरती पहली बार नहीं हो रही है, बल्कि कई वर्षों से मंदिर प्रशासन के लोग श्री वामनेश्वरनाथ मन्दिर सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान वामन की आरती मन्दिर में करते हैं।

## लोकसभा चुनाव को ले प्रशासनिक तैयारी शुरू जल्द होगा मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम

**केटी न्यूज/बक्सर**

नई मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर कार्यक्रम का प्रकाशन हो गया है। इसके अनुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारूप 17 अक्टूबर से बनाया जाएगा। सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2024 को होगा इससे पहले 21 जुलाई से 31 अगस्त तक बीएलओ घर घर जाकर वेरिफिकेशन करेंगे। डीएम अंशुल अग्रवाल ने फोटो युक्त वोटर लिस्ट पुनरीक्षण पदाधिकारियों से ईपिक की गड़बड़ियों का शत प्रतिशत निवारण करने का निर्देश दिया।

बता दें कि सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को मतदातासूची पुनरीक्षण के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ घर-घर सत्यापन करेंगे, इसके बाद 22 अगस्त से 29 सितंबर तक मतदान केंद्रों पर युक्तिकरण, ईपिक में गड़बड़ियों को दूर करने, वही मतदाता पहचान पत्र पर साफ फोटो डालने। 30 सितंबर से 16 अक्टूबर तक प्रपत्र 1 से 8 का निर्माण तथा पूरक का निर्माण 1 जनवरी 2024 तक किया जाना है।

**अग्रिम दावा आपत्ति भी करें प्राप्त:** उप निर्वाचन पदाधिकारी मनिरूल शेख एवं अन्य पदाधिकारियों ने पुनरीक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की विभिन्न धाराओं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों का दायित्व, फोटो निर्वाचक सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कैलेंडर, विभिन्न प्रपत्र, पीएसई, डीएसई, डुप्लीकेट प्रविष्टियां, लिंगानुपात, छूटे हुए भावी मतदाताओं की प्रविष्टि, डेटाबेस में सुनिश्चित करना, मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला पदाधिकारी ने बताया कि 17 अक्टूबर को एकीकृत प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाना है। 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक दावा आपत्ति ली जाएगी। 28 एवं 29 अक्टूबर तथा 25 एवं 26 नवंबर को विशेष कैंप लगाया जाएगा।




## डुमरांव एसडीएम ने समिति को शहर के विकास के लिए मास्टर प्लान बनाने का दिया सुझाव

# सशक्त स्थायी समिति ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति मंगलवार से अस्तित्व में आ गई है। एसडीएम कुमार पंकज ने सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इस सशक्त स्थायी समित में मुख्य पार्षद सुनीता गुप्ता व उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर के अलावे वार्ड 24 की पार्षद शाहीना परवीन, वार्ड 29 के विजय कुमार और वार्ड 34 के धनजी कुमार को शामिल किया गया हैं। सशक्त स्थायी समिति के अस्तित्व में आने के बाद अब उम्मीद जताई जा रही हैं कि शहर में विकास की गंगा बहेगी।

एसडीएम कुमार पंकज ने सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण के बाद समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से डुमरांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया। साथ ही क्षेत्र के विकास कार्यों को पटरी पर लाने के लिए जल्द ही बैठक करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान एसडीएम ने नगर परिषद के कैबिनेट में शामिल सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि शहर के विकास और सुंदरता को लेकर एक मास्टर प्लान तैयार करें, जिसमें शहर के पार्षदों के अलावे मीडिया तथा बुद्धिजीवी लोगों को शामिल कर उनसे राय-मशविरा करें ताकि शहरी विकास के लिए एक अच्छी रूपरेखा तैयार हो सके। उन्होंने शहर के ज्वलंत मुद्दे जलजमाव, महाजाम, अतिक्रमण, सीसीटीवी कैमरे आदि समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने की बात कही।

इस दौरान चेयरमैन, उप चेयरमैन और समिति के सदस्यों ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शहर के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता है। लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक गरीब वर्ग को मिल सकें इसका प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने कार्यालय कर्मियों पदाधिकारियों की जवाबदेही तय करने और नगर पर्षद को भ्रष्टाचार मुक्त माहौल बनाने का आश्वासन दिया। सशक्त स्थायी समिति के बनने के बाद पहली बार विकास कार्यों के लिए नगर पर्षद चुनाव में मतों का प्रयोग करते ही क्षेत्र के लोगों में लोकतंत्र की चुनाव प्रणाली के तहत नगर की सरकार से नई उम्मीद और आशा की किरण जगी है। इस दौरान नप के प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, उप सहायक बजेंद्र राय सहित तमाम कर्मचारी मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### 127 यात्रियों के 80 हजार किए गए रिफंड

पीडीडीय। उत्तर भारत में तेज बारिश के बीच रेलवे ट्रैक पर पानी भर जाने के कारण हावड़ा से जम्मूतवी जा रही अप जम्मूतवी एक्सप्रेस को पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर ही रोक दिया गया। ट्रेन यहां से आगे नहीं गई। इसको लेकर यात्रियों में रेल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी दिखी। बडी संख्या में आरपीएफ और जीआरपी के मुस्तैद रहने के कारण यात्रियों ने अधिक हो हल्ला नहीं किया। इस दौरान टिकट काउंटर से 127 यात्रियों को लगभग 80 हजार रुपये वापस किए गए। रेलवे ट्रैक पर पानी भर जाने के कारण उत्तर भारत की ओर जाने वाली 18 ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया था। वहीं हावड़ा से खुल चुकी हावड़ा जम्मूतवी एक्सप्रेस को पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर ही रोकने का निर्णय लिया। ऐसे में यात्रियों के हंगामा के अंदेशा पर पहले से ही प्रशासनिक तैयारी कर ली थी। रात डेढ़ बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या आठ पर पहुंची। इसके पूर्व ही विभिन्न स्टेशनों पर एनाउंस किया गया कि यह ट्रेन पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के आगे नहीं जाएगी। स्थानीय स्टेशन पर भी लगातार एनाउंस किया गया। ट्रेन के रुकते ही सीएसजी एनके मिश्र के साथ वाणिज्य विभाग की टीम, आरपीएफ और जीआरपी यात्रियों को समझाने बुझाने में जुट गए। इस दौरान यात्रियों में रेलवे के प्रति नाराजगी दिखी।

### दुकान से नगदी समेत लाखों का आभूषण चोरी

चंदौली। बलुआ थाना क्षेत्र के पपौरा बाजार में बीती रात चोरों ने स्वर्ण आभूषण की दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के गहने व 80 हजार नकद चुरा लिया। सुबह परिजनों को सूचना मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने परिजनों से पूछताछ किया। पपौरा बाजार में स्व. लल्लन सेठ की पुत्री सुनीता देवी के पति राजेन्द्र सेठ ने अपने पिता के मकान में ही स्वर्ण आभूषण की दुकान चलाते हैं। सोमवार की शाम को दुकान बंद कर वे दो सौ मीटर की दूरी पर नये मकान में सोने चले गये। देर रात चोरों ने पहले चैनल का ताला तोड़ा, फिर चैनल के पीछे लकड़ी के दरवाजे का ताला तोड़कर दुकान में घुस गये। दुकान में रखी आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा आठ किलो चांदी आभूषण व 80 ग्राम सोने के तीन चेन, सोने की छह अंगूठी, सोने के कान का छह जोड़ी झाला, सोने की दस ग्राम नथुनी, सोने का लवंग, सोने का दो मंगलसूत्र व 80 हजार रुपये नकद चुरा ले गये। सुबह दुकान का ताला टूटा देख दुकानदार सन्न रह गये। परिजनों ने चोरी की सूचना बलुआ पुलिस को दिया। मौके पर कैलावर चौकी प्रभारी अनिल कुमार यादव व बलुआ एस आई अवधबिहारी यादव ने पहुंचकर क्षेत्राधिकारी को सूचना दिया।

### विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

# परिवार की खुशहाली, शिक्षा व तरक्की तभी संभव है जब परिवार सीमित होगा: सीएमओ

**केटी न्यूज/मऊ**

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर बढ़ती आबादी से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराने के साथ ही सीमित परिवार के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सीएमओ ऑफिस परिसर से जन जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नंदकुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर जिला अस्पताल सहित सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्र और हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर परिवार को सीमित रखने के बारे में योग्य दंपतियों को जागरूक किया गया।



■ रैली निकाल लोगों को दिया गया जनसंख्या स्थिरता का संदेश

इस अवसर पर सीएमओ डॉ. नंदकुमार ने कहा कि परिवार की खुशहाली, शिक्षा, स्वास्थ्य और तरक्की तभी संभव है जब परिवार सीमित होगा। आज के दौर में संतुलन बनाए रखने के लिए जनसंख्या स्थिरीकरण की ज्यादा जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिले में आयोजित विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के तहत आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में योग्य दंपत्ति को चिन्हित करने का काम करेंगी। योग्य दंपत्ति का अभिप्राय यह है कि जिन जोड़ो को परिवार नियोजन को लेकर परामर्श की आवश्यकता होती है, ऐसे दंपत्ति को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों से भरे बास्केट ऑफ च्वाईस के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया जाता है। 31 जुलाई तक जिले में सेवा प्रदायगी पखवाड़ा मनाया जाएगा।

**प्रखंडों में सारथी रथ किया गया रवाना :** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीके यादव ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर यूपीटीएसयू एवं पीएसआई इंडिया के सहयोग से सीएमओ ऑफिस परिसर में हस्ताक्षर अभियान भी आयोजन किया गया। साथ ही रैली निकाली गई, जो जिला महिला अस्पताल से होते हुए बस स्टैंड पर जा कर समाप्त हुई, रैली में सारथी वाहन के जरिये लोगों को परिवार नियोजन के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि समुदाय में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाने के लिए दो चरणों में परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जा रहा है, इसके पहले चरण में 20 जुलाई तक दंपति संपर्क पखवाड़ा मनाया जायेगा। जिसके बाद अगले चरण में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 31 जुलाई तक चलेगा। हर इच्छुक लाभार्थियों के लिए जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय समेत सभी केंद्रों पर नसबंदी पंजीकरण की भी सुविधा उपलब्ध है।

**कार्यक्रम का किया जा रहा प्रचार प्रसार :** जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पखवाड़े के दौरान जिले के 09 सामुदायिक केंद्र -36 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों समेत 225 सब सेंटरों, तथा उसी में 165 हेल्थ वेलनेस सेंटरों के कम्युनिटी हेल्थ अफसर (सीएचओ) के माध्यम से परिवार नियोजन का प्रचार प्रसार जोरशोर से किया जा रहा है। पीएसआई इंडिया के केवल सिंह सिसोदिया ने कहा कि इस पखवाड़े में प्राइवेट हॉस्पिटल व फॉक्सी संस्था भी अपना अहम योगदान दे रहे है।

कार्यक्रम में डॉ. वकील अली, मंडलीय शहरी स्वास्थ्य सलाहकार सुरेश कुमार, मंडलीय एफपीएलएमआईएस मैनेजर आशीष त्रिपाठी, आईएमए के अध्यक्ष डॉ. एनके सिंह के साथ डॉ. सुरेन्द्र नाथ राय, डॉ. राहुल राय, डॉ. सीएस साहनी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविंदर नाथ, कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर संतोष सिंह, डीईआईसी मैनेजर अरविन्द कुमार वर्मा, जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ मोहम्मद सरीफ, जिला कॉर्डिनेटर देवेंद्र प्रताप, दुर्गा प्रताप सिंह, बबलू कुमार, सौरभ साहनी, अभिषेक शर्मा व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## पीजी कालेज ने ऑनलाइन जारी किया स्नातक वाणिज्य का प्रवेश-पत्र

**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर द्वारा प्रवेश परीक्षा-2023 स्नातक वाणिज्य का प्रवेश-पत्र ऑनलाइन जारी कर दिया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए 12 से 25 जुलाई 2023 तक प्रवेश परीक्षा आयोजित है।

प्रवेश परीक्षा-2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश -पत्र परीक्षा तिथि से एक दिन पूर्व ऑनलाइन जारी किया जाएगा। स्नातक वाणिज्य की प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक आयोजित है, जिसके लिए प्रवेश-पत्र आनलाइन जारी कर दिया गया है। प्राचार्य प्रो. पांडेय ने बताया कि इस वर्ष छात्रों एवं अभिभावकों की मांग पर महाविद्यालय प्रशासन ने छात्र हित में संबन्धित विषय की परीक्षा तिथि से एक दिन पूर्व तक प्रवेश परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन करने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। छात्रों एवं अभिभावकों से आग्रह है कि प्रवेश परीक्षा की तिथि समाप्ति के उपरांत किसी भी परिस्थिति में प्रवेश के लिए आवेदन न करें। यदि किसी छात्र-छात्राओं द्वारा आवेदन किया जाता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## प्रदेश में काशी से अध्योया, लखनऊ और गोरखपुर तक संचालित होंगी इलेक्ट्रिक बसें

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि काशी से अयोध्या, गोरखपुर से लखनऊ और कानपुर तथा कई राज्यों तक बस सेवा संचालित करने के लिए रिंग रोड फेज थ्री (संदहा के पास) 15 एकड़ में अंतरराज्यीय बस अड्डा बनाया जाएगा। इसके लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। विभाग के नाम जमीन स्थानांतरित होते ही बजट जारी कर बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। यह बस अड्डा प्रदेश में माडल के रूप में बनाया जाएगा। अभी तक इलेक्ट्रिक बसें शहर सीमा क्षेत्र में संचालित हो रही है। अब मंडल ही नहीं, बल्कि 300 किलोमीटर दूरी तक संचालित की जाएगी। पहले चरण में दो-दो इलेक्ट्रिक बसें काशी से अध्योया, लखनऊ और गोरखपुर तक संचालित होंगी। यात्रियों की संख्या बढ़ने पर बसें बढ़ाई जाएगी।

परिवहन मंत्री सोमवार को सर्किट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। कहा कि निगम की खराब हो चुकी 10 वर्ष पुरानी बसें बदलकर नई संचालित की जाएगी। कहा कि लखनऊ, आगरा और कानपुर छोड़कर सभी जिलों में फिटनेस व्यवस्था निजी हाथों दी जा रही है। इसके लिए टेंडर कर दिया गया है। लाइसेंस प्रक्रिया भी निजी हाथों में होगी। कहा कि इलेक्ट्रिक के साथ हाईड्रोलिक बसें चलाने की तैयारी है। परिवहन मंत्री ने कहा कि शहर में ई-रिक्शा, दो व चार पहिया और इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज करने में कोई परेशानी हो, इसको देखते हुए हर पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे, इसको लेकर पेट्रोलियम मंत्रालय से बात हो चुकी है। मंत्री ने कहा कि बनारस से गाजीपुर, मऊ, बलिया समेत अन्य शहरों के लिए परिवहन विभाग ने परमिट दिया है, उनकी समस्याओं को हमें दूर करना होगा। विभागीय अधिकारियों से आख्या लेने के बाद डीएम को स्टैंड के लिए जमीन उपलब्ध कराने को कहा गया है।

## बलिया में यू-ट्यूब से वीडियो देखकर एटीएम हैक करने की कोशिश, तीन बदमाश गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए युट्युव से वीडियो देखकर यूनियन बैंक के एटीएम को पहले हैक करके पैसे निकालने का प्रयास करने और सफलता नही मिलने पर एटीएम तोड़ कर पैसे निकालने के प्रयास में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बीते 30 जून की रात्रि में एटीएम से चोरी करने वाले गिरोह द्वारा यूनियन बैंक के एटीएम को पहले हैक करके पैसे निकालने का प्रयास किया गया, जब एटीएम हैक नही हुआ तो एटीएम तोड़ कर पैसे निकालने का प्रयास किया गया था।



इस संबंध में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उपशाखा प्रबंधक द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा क्षतिग्रस्त करने व चोरी करने की लिखित सूचना कोतवाली में दी। जिस पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत करते हुए एसएचओ कोतवाली व एसओजी टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद एसपी ने टीम गठित कर जल्द से जल्द घटना का अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। कोतवाली व एसओजी टीम ने सीसीटीव फुटेज में पाया कि एक मोटर साइकिल पर तीन शातिर चोर एटीएम के पास आते हैं जिसमें से एक नकाब (मास्क) पहने हुए था और वहीं पहले अपने मोबाइल से किसी साफ्टवेयर के जरिए एटीएम को हैक करने का प्रयास कर रहा था। सफल न होने पर एटीएम को तोड़ कर पैसे निकालने का प्रयास किया जा रहा था व गिरोह के अन्य सदस्य एटीएम के बाहर थोड़ी दूर से ही देख रहे थे कि कोई आने न पाये। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे चोरो की तलाश पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक करते हुए इलेक्ट्रानिक व तकनीकी साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

### ताड़ीघाट रेलवे स्टेशन को दोबारा शुरू कराने को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन 13वें दिन जारी

# चेतावनी... 16 को जमानिया मार्ग को करेंगे जाम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पैसेंजर ट्रेन एवं ताडीघाट रेलवे स्टेशन को दोबारा शुरू कराने को लेकर धरनारत ग्रामीणों का आंदोलन मंगलवार को तेरहवें दिन भी जारी रहा। जिसमें छात्र, अधिवक्ता, महिलाएं व अन्य ग्रामीणों ने अधिक संख्या में भाग लिया।

इस दौरान हुए योगी हर्ष सिंह ने रेलवे को चेताया कि अगर चार दिन में लोगों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए नहीं माना गया तो मजबूर होकर ग्रामीण 16 जुलाई दिन रविवार की सुबह अपने घर का चूल्हा बंद कर पूरे परिवार समेत गाजीपुर सैयदराजा जमानियां 24/97 राजमार्ग को जाम कर देगें। जिसकी पूरी जिम्मेदारी रेलवे व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की होगी। उधर राहुल सिंह ने अन्य सभी संगठनों से सहयोग की अपील की। कहा कि रेलवे को




अतिप्राचीन ताड़ीघाट रेलवे स्टेशन को हर हाल में चालू करना ही होगा। कहा कि 143 वर्ष पहले ग्रामीणों से यह कहते हुए रेलवे का विकास किया गया कि यहाँ रोजगार, आवागमन का साधन आदि विकसित होगा। रेल लाइन व स्टेशन बनाने के नाम पर करीब 50 बीघे से उपर बिना मुआवजा दिए जमीन ले ली। वहीं जनता को धोखे में रख इसे बंद कर दिया गया। पूर्व प्रधान रिंकू सिंह ने कहा अब बहुत हो गया। अगर सरकार एवं रेलवे ने हमारी बातों को नहीं सुनेगी तो हम ईंट से ईंट बजा देंगे और सोनवल से चल रही ट्रेन को सोनवल में ही रोक दिया जाएगा। तब हमारी मांगों को पूरा किया जाएगा या तो ट्रेन को हमारे ऊपर से लेकर जाए। हम जान दे देगें मगर कदम पीछे नहीं खींचेगें। इस अवसर पर संतोष सिंह, सुखबीर सिंह, अजीत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सुरेंद्र भारती, घुराराम, उपेन्द्र सिंह, गयादास पांडेय, विकास गोड़, सवरु राम, लीटर राम, रामबली यादव, कलावती, माया, बिंदा, पचरतनी देवी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**सोनवल रेलवे क्रॉसिंग पर लगता है आए दिन भयंकर जाम :** सुहवल थाना क्षेत्र के सोनवल क्रासिंग पर आए दिन लगने वाले भयंकर जाम से लोगों को छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह, दोपहर एवं शाम को ट्रेन के आने के समय चालकों के द्वारा अपने सवारी वाहनों को ट्रैक से लेकरे सुहवल ढढनी मुख्य मार्ग पर बीचो-बीच बेतरतीब तरीके से खड़ा कर देने से मार्ग पूरी तरह से अवरूद्ध हो जाता है।जाम इस कदर बढ़ जाता है कि दो पहिया वाहनों का निकलना तो दूर पैदल राहगीरों का चलना भी मुसीबत का सबब बन जाता है।

## एक नजर

### केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के सभी लोगों के लिए समान रूप से उपलब्ध करा रही है सुविधा

**मऊ।** ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने मंगलवार को बड़राव विकासखंड के भिखारीपुर ग्राम सभा में बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया। मौके पर उन्होंने वहां पर उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि केंद्र में भाजपा की सरकार सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के आधार पर कार्य कर रही है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा समाज के सभी लोगों के लिए समान रूप से सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार बिना जाति, धर्म देखें सबको गैस, आवास एवं अन्य योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतर हो रही है। इसके अलावा माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भी प्रदेश वासियों को बिना किसी भेदभाव के सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। इस दौरान उन्होंने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर भी प्रकाश डाला तथा सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं एवं उनकी उपलब्धियों से उपस्थित लोगों अवगत कराया। मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



### एसपी के निर्देश पर दर्ज हुआ छेड़खानी का केस

**बलिया।** नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ घर में घुसकर हुए छेड़खानी के मामले में पुलिस ने नौ दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अब तक नगरा थाना पुलिस आरोपी को बचा रही थी, लेकिन एसपी एस आनंद के कड़े तेवर के बाद थानाध्यक्ष ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव की बालिका की मां ने थाने में शिकायत की थी कि एक गांव का ही युवक बदनीयती से 2 जुलाई को घर में घुसकर मेरी 11 वर्षीय बच्ची से छेड़खानी करने लगा, बच्ची के शोर पर लोगों को आते देख भाग गया। किशोरी की मां थाने आकर घटना की तहरीर दी, किन्तु पुलिस जांच के नाम पर मुकदमा न दर्ज कर हीलाहवाली करती रही और पीड़िता को थाने बुला कर वापस लौटा दे रही थी। इधर बालिका युवक के भय से स्कूल नहीं जा रही थी, किशोरी की मां का आरोप है कि युवक धमकी दे रहा था। भयभीत किशोरी की मां सोमवार को जिलाधिकारी और एसपी से मिलकर पूरी बात बताई तब नगरा पुलिस आनन फानन में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### गड़ही में डूबने से मछुआरे की मौत

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के रतसर अमडरिया मार्ग पर स्थित धानो ताल से सटे गडही में मंगलवार की सुबह मछली मार रहे मछुआरे उमेश राम (48) पुत्र स्व. बाल गोविंद राम निवासी अमडरिया थाना गड़वार की मौत गड़ही में डूबने से हो गई । मृतक लंबे समय से जाल से मछली मारने के कार्य से जुड़ा था। मंगलवार की सुबह भी अन्य मछुआरों के साथ जाल से मछली का बच्चा निकाल रहा था। कार्य खत्म होने पर वह साथी मछुआरों से हाथ पैर धोने की बात कह उसी गड़ही में उतर गया और डूबकी लगाने के बाद ऊपर नहीं आया । साथी मछुआरों ने देर होते देख उसे पानी से बाहर निकाला और तत्काल उसे सीएचसी ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । परिजन उसे घर लेकर चले गये । मामले में परिजनों द्वारा शव के पीएम के लिए तहरीर दी गई । मृतक परिवार का एकलौता कमाऊ सदस्य था । उसकी मौत से परिजनों का रोते रोते बुरा हाल है।


